# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 20.06.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री ने 9 करोड़ 44 लाख से किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की।**
- **इंदौर में 2 हजार 935 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले इंदौर–उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन।**
- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनियाभर में मनाया जाएगा,, राष्टपति द्रोपदी मुर्मू जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में होंगी शामिल।**
- **भोपाल–इंदौर समेत 38 जिलों में आंधी, गरज–चमक और बारिश का अलर्ट जारी।**

**किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के जिला हुगली के तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। 9 करोड़ 44 लाख से अधिक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 880 करोड़ से अधिक की धनराशि का हस्तांतरण किया गया । इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस बार पश्चिमबंग दिवस की यह तारीख और भी खास है। आज़ादी के बाद बंगाल के उज्जवल भविष्य के लिए जो सपना देखा गया था, बंगाल की महान आत्माओं ने जो परिकल्पना की थी। आज भाजपा सरकार में विकास के महाअभियान की शुरुआत हो रही है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरांगपुर में मोहन चरण मांझी सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी आबादी द्वारा दशकों से झेली जा रही अभावग्रस्तता की जगह शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आजीविका और सामाजिक उन्नति के नए अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने 47 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

**आवास योजना–केंद्रीय मंत्री और सीएम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खटटर ने आज इंदौर जिले के सांवेर में इंदौर–उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया। कॉरिडोर की लागत 2 हजार 935 करोड़ रुपये लंबाई 48 किलोमीटर है। इस अवसर उन्होंने कहा कि इंदौर–उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकास का पर्याय बनेगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ–साथ भविष्य की पीढ़ियों को व्यापक लाभ मिलेगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना से मेट्रोपॉलिटन रीजन के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान हित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में दूध, फल और सब्जियां लेकर मोटरसाइकिल से परिवहन करने वाले किसानों के लिए हेलमेट वितरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है ---

इसके पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने उज्जैन में कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। यह परियोजना मां शिप्रा के जल को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन के बाड़ी में आयोजित प्रदेश स्तरीय जनकल्याण शिविर में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। श्री चौहान ने

**भोजपुर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 31 नई ग्रामीण सड़कों को मंजूरी दी। साथ ही, उन्होंने राज्य के किसानों के लिए मूंग खरीदी की औपचारिक स्वीकृति और कम बारिश की आशंका के मद्देनजर केंद्र व राज्य सरकार के साझा कंटिजेंसी प्लान का ऐलान किया।**

**नीट परीक्षा**

नीट—यूजी पुनर्परीक्षा कल देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा में सीसीटीवी निगरानी, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन जैसी विशेष सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। भोपाल में कल दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होने वाली नीट परीक्षाको लेकर नगरीय यातायात पुलिस ने एडवायजरी जारी की है। शहर में परीक्षा के लिए 32 केंद्र बनाए गए हैं और मेटो निर्माण कार्य के चलते कुछ मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा। परीक्षार्थियों से समय से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पहुंचने की अपील की गई है। जबलपुर जिले में परीक्षा के लिए 23 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10,426 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**योग दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनियाभर में मनाया जाएगा। इस वर्ष 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है स्वस्थ आयु के लिए योग। यह विषय हर उम्र में योग के महत्व को रेखांकित करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय देशभर में एक सौ स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इनमें भारत की समृद्ध विरासत और योग परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल जबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। समारोह सदर के गैरिसन ग्राउंड में सुबह साढ़े सात बजे से शुरू होगा। योग दिवस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति मुर्मु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जायेंगी और 36वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।

**सरकार —12 वर्ष —सशक्त भारत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के सिद्धांतों पर भारत में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण तथा सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। आकाशवाणी समाचार, इस अवसर पर एक विशेष श्रृंखला "12 साल — विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" प्रस्तुत कर रहा है। आज के अंक में हम सशक्त भारत के संकल्प को साकार करने वाली सरकार की परिवर्तनकारी पहलों के बारे में जानकारी देंगे।

**स्वास्थ्य—16 दवाओं पर प्रतिबंध**

केंद्र सरकार ने 16 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन—एफडीसी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई विशेषज्ञ समिति की समीक्षा के बाद लिया गया। समिति ने पाया कि इन दवाओं के संयोजन का पर्याप्त चिकित्सीय औचित्य नहीं है और इनके उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं।

प्रतिबंधित दवाओं में त्वचा रोग, दर्द निवारण, ऐंठन और कुछ एंटीबायोटिक दवाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य केवल सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने राज्य औषधि नियामकों और संबंधित एजेंसियों को इस प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून 25 जून के आसपास प्रवेश कर सकता है। फिलहाल प्री—मानसून गतिविधियों के चलते मौसम में बदलाव बना हुआ है और आज भोपाल—इंदौर समेत कई जिलों में आंधी, गरज—चमक और बारिश होने के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग ने आज सीहोर और आगर—मालवा जिलों समेत 38 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। वहीं रीवा, सतना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार और खरगोन जिलों में तेज धूप और उमस बने रहने के आसार हैं।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- मध्यप्रदेश की भावांतर भुगतान योजना को स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया गया।
- **इंदौर मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।**
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन और वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है।
- शहडोल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बीते दो दिन में 3 लोगों की मौत हो गई है।
- झाबुआ में 5 और 15 वर्ष की आयु वाले बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए स्कूलों में विशेष शिविर लगाए जगाएंगे।
- **आगरमालवा मे नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कल मास्टर वॉलिंटियर्स को जिला स्तरीय नशामुक्ति जन-जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया।**
- **झाबुआ कलेक्टर ने जिले में खुले और अनुपयोगी बोरवेलों से बच्चों और पशुओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।**

————————————